दिनांक:-……………….. पत्रांक संख्या……………………

सेवा में,

श्रीमान खंड विकास अधिकारी
विकास खंड ....
जिला पिथौरागढ़ उत्तराखंड ....

विषय: महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम .... के कृषकों को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित परियोजना "हॉर्टिकल्चर मिशन फॉर नार्थ ईस्ट एंड हिमालयन स्टेट्स" हॉर्टिकल्चर मिशन के अंतर्गत फलो के बगीचे बनाने हेतु गड्ढा खुदवाने के कार्य हेतु बजट आबंटन हेतु प्रार्थना पत्र I

महोदय,

आप के संज्ञान में यह तथ्य लाना है कि हमारे विकास खंड .... के अंतर्गत .... गावों के .... कृषक उद्यान विभाग द्वारा चलायी जा रही परियोजना "हॉर्टिकल्चर मिशन फॉर नार्थ ईस्ट एंड हिमालयन स्टेट्स" के लाभार्थी बनने हेतु अपने दस्तावेज एवं प्रार्थनापत्र विकास खंड .... के सचल दाल केंद्र पर जमा करवा चुके हैं I इन सभी ग्रामो के कृषको की सूचि को इस पत्र की साथ संलग्नित किया गया है I उक्त वर्णित योजना के अंतर्गत हमारे विकास खंड के .... गावों के अंतर्गत कलमी आड़ू (4 हेक्टेयर), कलमी पूलम (4 हेक्टेयर), कीवी सीडलिंग आधारित (1 हेक्टेयर), कलमी नाशपाती सामान्य (5 हेक्टेयर), कलमी नाशपाती रंगीन (3 हेक्टेयर), के बगीचे बनाने का प्रस्ताव दिया गया है I विभाग का मानक 250 गड्ढे प्रति हेक्टेयर का है इस आधार पर हमें 4250 गड्ढे पिथौरागढ़ जिले में खुदवाने पड़ेंगे, अतः आपसे निवेदन है कि उक्त वर्णित परियोजना में फलदार वृक्षों के पेड़ों को लगाने हेतु अपने विभाग की कार्य योजना में मनरेगा के तहत गड्ढा खोदने हेतु अतिरिक्त बजट का प्रावधान करने की कृपा करें I आपसे पुनः अनुरोध है प्रस्तुत कार्य योजना को वित्त वर्ष २०२२-२३ के लिए जिले कि कार्य योजना में सम्मिलित करने की कृपा करें I आपकी महती कृपा होगी I

धन्यवाद I

भवदीय
कृषक प्रतिनिधि
डॉ. विवेक जोशी

कृषक संगठन /समूह की ग्राम प्रधान की मोहर

प्रतिलिपि: